## न्यूज डायरी




### संक्रमण से बचाने मॉल का अनोखा प्रयोग, लिफ्ट में बटन हटा लगा दिए फुट पैडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकॉक। कहते हैं श्आवश्यकता ही आविष्कार की जननी हैश और कोरोना संकट के दौरान संक्रमण से बचने के लिए भी आविष्कार जारी हैं। इसी क्रम में थाइलैंड में एक मॉल ने संक्रमण से बचने के लिए जिस चीज का इजाद किया है, जब आप उसके बारे में जानेंगे तो आप भी उसके मुरीद हो जाएंगे। यहां एक मॉल ने लिफ्ट के बटन को फुट पैडल में तब्दील कर दिया है। लॉकडाउन के कारण इकॉनमी को तगड़ा झटका लगा है। अब इसे उबारने के लिए धीरे–धीरे व्यवस्था पटरी पर ला जा रही है। इसी क्रम में मॉल ने अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए यह कदम उठाया है ताकि वे सेफ्टी उपायों को देखते हुए मॉल में खरीददारी करने उमड़ सकें। बैंकॉक के सीकॉन स्क्वेयर में ग्राहक भी यह देखकर हैरान थे और लिफ्ट के अंदर और बाहर फुट पैडल देखकर कन्फ्युज हो रहे थे।

### ब्राजील में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या 20,000 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियो डी जिनेरियो। ब्राजील में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बृहस्पतिवार को 20,000 के पार चली गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 24 घंटों में सबसे अधिक मौतें हुईं। यह देश लातिन अमेरिका में कोरोना वायरस का केंद्र है और एक दिन में 1,188 लोगों की मौत के साथ संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 20,047 पर पहुंच गई। ब्राजील में संक्रमण के 3,10,000 से अधिक मामले हैं। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि जांच में कमी का मतलब है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है। संक्रमण और मौत के मामले तेजी से बढ़ने के साथ ब्राजील संक्रमण के कुल मामलों के लिहाज से दुनिया का तीसरा देश है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मरने वाले लोगों की संख्या महज 11 दिनों में दोगुनी हो गई है।

### अगर बहन ज्यादा समय तक दिखी तो तानाशाह के साथ कुछ गलत हुआ है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने मुस्कराते हुए किम जोंग–उन का वीडियो जारी कर उनके खराब स्वास्थ्य और मौत की लग रही अटकलों को विराम दे दिया था, लेकिन अब उनके दोस्त अमेरिकी बास्केटबॉल प्लेयर डेनिस रॉडमैन ने खुलासा किया है कि अगर उनकी बहन टीवी पर ज्यादा नजर आती हैं, तो दुनिया जान जाएगी कि तानाशाह के साथ श्कुछ गलतश् हुआ है। डेनिस ने दावा किया कि वह किम को लेकर उड़ रही अफवाहों के बाद से लगातार उत्तर कोरिया के संपर्क में रहे हैं। किम और डेनिस के बीच 2013 में दोस्ती हुई थी। डेनिस उत्तर कोरिया का दौरा भी कर चुके हैं। अप्रैल में कई दिनों तक पब्लिक में नजर नहीं आने के बाद किम के बारे में ऐसी अफवाह थी कि हार्ट सर्जरी के बाद उनकी मौत हो गई है, लेकिन बाद में प्योंगयांग की तरफ से एक वीडियो जारी कर इस अटकल को खारिज कर दिया गया था।

### प्रेस को नहीं देना चाहता था मुझे फेस कवर में देखने का सुखः ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिशिगन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोरोना संकट के वक्त खुद सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को मिशिगन में फोर्ड फैक्ट्री का दौरा किया तो उन्होंने मास्क नहीं पहना था जबकि उस राज्य में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्लांट में कोरोना मरीजों के लिए वेंटिलेटर बनवाया जा रहा है और उस काम का मुआयना करने ट्रंप वहां मौजूद थे। इस दौरान उनके आसपास सभी लोग मास्क में नजर आए। ट्रंप इसके बाद प्रेस के सामने नजर आए और दावा किया कि उन्होंने प्लांट के अंदर मास्क पहन रखा था लेकिन वह पत्रकारों को उन्हें मास्क में देखने का सुख नहीं देना चाहते थे। उन्होंने कहा, श्मैंने अंदर मास्क पहन रखा था। मैं प्रेस को मुझे मास्क में देखने का सुख नहीं देना चाहता था। मैंने गॉगल्स और मास्क पहन रखा था। वह मीडिया को मास्क के साथ फोटो नहीं देना चाहते थे। दरअसल, इसकी वजह यह है कि वह देश में कोई गलत संदेश नहीं देना चाहते थे।

# चीन के रक्षा बजट में भारी–भरकम बढ़ोत्तरी

**ऐलान**


## 2020 के लिए रक्षा बजट में 6.6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का ऐलान

■कोरोना से अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है: चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। अमेरिका और भारत के साथ चल रहे तनाव के बीच चीन ने वर्ष 2020 के लिए रक्षा बजट में 6.6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है। चीन की सरकार ने कहा कि कोरोना वायरस संकट को देखते हुए अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है और पिछले कुछ वर्षों में यह सबसे कम बढ़ोत्तरी है। चीन ने रक्षा बजट में यह बढ़ोत्तरी ऐसे समय पर की है जब दुनिया कोरोना संकट के कारण भीषण आर्थिक मंदी से जूझ रही है। यही नहीं विश्वभर में रक्षा पर खर्च कम किया जा रहा है।

अमेरिका के बाद चीन सबसे ज्यादा पैसा रक्षा पर खर्च कर रहा है। कोरोना महासंकट के बाद भी चीन इस वर्ष 180 अरब डॉलर रक्षा पर खर्च करेगा। नैशनल पीपल्स कांग्रेस के वार्षिक सत्र में इसका ऐलान किया गया। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पैदल सेना रखने वाले चीन ने एयरक्राफ्ट कैरियर, परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमैरिन और स्टील्थ फाइटर जेट के लिए खजाना खोल दिया है। चीन इनमें से ज्यादातर का निर्माण खुद ही करता है।



**चीन का वास्तविक रक्षा बजट बहुत ज्यादाः** चीन ने कहा है कि रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी का ज्यादातर पैसा सैनिकों की स्थिति सुधारने में खर्च किया जाएगा लेकिन विदेशी रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का वास्तविक रक्षा बजट बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि बजट में कई चीजों को शामिल नहीं किया जाता है। पिछले साल चीन ने 7.5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। पिछले साल चीन का रक्षा बजट 178 अरब डॉलर था। स्वतंत्र विश्लेषकों का अनुमान है कि पिछले साल चीन का वास्तविक रक्षा बजट 220 अरब डॉलर था। उन्होंने बताया कि चीन इस साल के रक्षा बजट का पैसा अपनी नौसेना के प्रसार में करेगा। चीन अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट और घातक हथियार खरीदने में अपना बजट खर्च करेगा ताकि दक्षिण चीन सागर में अपनी पकड़ को और ज्यादा मजबूत किया जा सके और पश्चिम प्रशांत महासागर तथा हिंद महासागर में अपनी पहुंच बढ़ाई जा सके।

**सैन्य कार्रवाई करके ताइवान पर कर लेंगे कब्जाः** चीन ताइवान के खिलाफ विश्वसनीय धमकी बरकरार रखना चाह रहा है। चीन ने कहा है कि अगर ताइवान खुद से चीन में शामिल नहीं हुआ तो वह सैन्य कार्रवाई करके ताइवान पर कब्जा कर लेगा। संसद में दिए अपने भाषण में चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग ने कहा, हम करेंगे....दृढ़तापूर्वक विरोध करेंगे और ताइवान की स्वतंत्रता के लिए की गई किसी भी कार्रवाई का हम डटकर विरोध करेंगे। चीन ने यह रक्षा बजट अपनी अर्थव्यवस्था में आई भारी गिरावट और बजट घाटे के बाद भी बढ़ाया है।

## ऐला से ज्यादा विनाशकारी तूफान है अम्फानः संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तबाही मचाने वाले चक्रवात अम्फान को अब 2009 में दक्षिणी बांग्लादेश तथा पूर्वी भारत में आए चक्रवात ऐला से कहीं अधिक विनाशकारी माना जा रहा है। चक्रवात अम्फान से पश्चिम बंगाल में 77 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।

संयुक्त राष्ट्र ने एक समाचार रिपोर्ट में कहा, श्भारत में संयुक्त राष्ट्र की कंट्री टीम ने बताया कि कोलकाता के आसपास व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचाने वाले चक्रवात अम्फान को चक्रवात ऐला से कहीं अधिक विनाशकारी माना जा रहा है जिसने मई 2009 में क्षेत्र में तबाही मचाई थी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता में ट्रांसफॉर्मर और दूरसंचार तारों में आग लग गई, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली गुल हो गई। विश्व संगठन ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता कर्मी चक्रवात से पीड़ित बांग्लादेश और भारत के लोगों की मदद करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र की बच्चों के लिए काम करने वाली एजेंसी यूनीसेफ ने चिंता जताई कि कोविड–19 से दोनों देशों में चक्रवात के मानवीय परिणाम और गहरा सकते हैं।




## लद्दाख में भारत को उकसा रहा है चीनः यूएस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत और चीन की सेनाओं के बीच में लद्दाख में सीमा पर जारी गंभीर तनातनी के बीच अब अमेरिका ने चीनी विदेश मंत्रालय के बयान पर पलटवार किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस ने लद्दाख में जारी गतिरोध पर चीन के खिलाफ तीखा हमला बोला। वाइट हाउस ने कहा कि भारत की सीमा पर चीन उकसावे वाली और बलपूर्वक सैन्य तथा अर्द्धसैन्य गतिविधियों में संलिप्त होकर अपने पड़ोसियों से की गई प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन कर रहा है। इससे पहले भारत के अपने क्षेत्र में चीन की दखलअंदाजी का कड़ा विरोध किए जाने के कदम का अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने समर्थन किया था।

## इजरायल के रास्ते आई कोरोना वायरस मेडिकल राहत सामग्री, फलस्तीन ने लौटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यरुशलम। कोरोना वायरस महासंकट के बीच इजरायल और फलस्तीन के बीच चली आ रही दुश्मनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। फलस्तीनी प्राधिकरण ने संयुक्त अरब अमीरात से इजरायल के रास्ते आई कोरोना राहत सामग्री को ठुकरा दिया है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्री माई कैला ने बताया कि उनके देश ने राहत सामग्री इसलिए लेने से मना कर दिया है क्योंकि यूएई ने उनके साथ समन्वय नहीं किया।

कैला ने कहा, हम एक संप्रभु देश हैं और उन्हें सबसे पहले हमारे साथ समन्वय करना चाहिए था। इसी वजह से हमने चिकित्सा सहायता को ठुकरा दिया है। इससे पहले फलस्तीनी प्राधिकरण के बेहद करीब मानी जाने वाली मान न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से कहा था कि यह फैसला प्राधिकरण ने इस वजह से लिया है क्योंकि राहत सामग्री को इजरायल के गुरिऑन एयरपोर्ट के जरिए लाया गया था।



इससे पहले यूएई की एक फ्लाइट से अबूधाबी से इजरायल के रास्ते फलस्तीनी लोगों के लिए राहत सामग्री लाई गई थी। वह भी तब यूएई का इजरायल से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है। यह दोनों देशों के बीच पहली उड़ान थी। राहत सामग्री लाने वाली एतिहाद एयरवेज यूएई की सरकारी विमान सेवा है। एतिहाद ने इस उड़ान की पुष्टि की है। बता दें कि फलस्तीन कोरोना वायरस के कहर से जूझ रहा है। फलस्तीन में कोरोना वायरस के 423 मामले सामने आए हैं और दो लोगों की मौत हो गई है।

इजरायल और फलस्तीन के बीच दुश्मनी कम होने का नाम नहीं ले रही

## कोरोना से अगस्त तक भारत में 34 हजार और पाक में 5 हजार हो सकती है मौत: शोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस ने दो पड़ोसी देशों भारत और पाकिस्तान में कोहराम मचाया हुआ है। भारत में चौथी बार लॉकडाउन लगाने के बाद भी कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।

उधर, पाकिस्तान भी कोरोना वायरस की मार से बेहाल है। अब एक शोध में अनुमान लगाया गया है कि दोनों ही देशों में अगर कोरोना वायरस इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो अगस्त तक भारत में मरने वालों की संख्या 34 हजार और पाकिस्तान में 5 हजार के आंकड़े को पार कर जाएगी। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड के संक्रामक रोग विशेषज्ञ फहीम यूनूस के मुताबिक भारत और पाकिस्तान में कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। अगर इसी तरह से दोनों ही देशों में आंकड़े बढ़ते रहे तो 4 अगस्त तक कोरोना वायरस से मौत के मामले कई गुना बढ़ जाएंगे। उन्होंने अनुमान लगाया कि 4 अगस्त तक भारत में कोरोना वायरस से मौत के मामले 34,155 लोगों की मौत हो जाएगी। ताजा हालात पर नजर डालें तो भारत में लॉकडाउन 4 में कोरोना के नए मामले की रफ्तार तेज हो गई है।